बिहार सरकार
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय
(योजना एवं विकास विभाग)

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण में सर्वसाधारण से सहयोग की अपील।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (National Sample Survey) के 80वें सत्र अन्तर्गत "घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण (Domestic Tourism Expenditure Survey)" का कार्य प्रगति पर है। इस सर्वेक्षण का कार्य जुलाई, 2025 से जून, 2026 के बीच निष्पादित किया जाना है। उक्त सर्वेक्षण के क्रम में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना के प्रगणकों द्वारा CAPI Mode में चयनित ग्रामीण/शहरी इकाईयों में जाकर आँकड़े संग्रहित किये जा रहे हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का महत्व सर्वोपरि होनें के कारण सर्वेक्षण से प्राप्त आकड़ो का उपयोग पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Tourism Satellite Account तैयार करने में किया जाना है। पर्यटन आतिथ्य सत्कार, आवासन, परिवहन सेवाओं आदि विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण श्रोत है। अतः भारत में लोगों द्वारा की जानेवाली घरेलू यात्राओं, यात्रा की अवधि और उन पर होने वाले खर्च से संबंधित जानकारी इस सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र किया जाना है। ये आँकड़े जनसाधारण पर आर्थिक बोझ या करारोपण का आधार नहीं बनेंगे एवं पूर्णतः गोपनीय रहेंगे। इन आँकड़ो का उपयोग मात्र अनुसंधान, बुनियादी ढाँचे के निर्माण और विकास के लिए क्षेत्र विशिष्ट नीतियों तथा कार्यक्रमों को तैयार करने एवं सांख्यिकी प्रयोजन के लिए किया जायेगा।

अनुरोध है कि उक्त सर्वेक्षण के आँकड़ो के संग्रहण हेतु आपके पास जाने वाले संबंधित प्रगणक (Enumerator) को निर्भीक होकर सही–सही जानकारी देकर राष्ट्रीय महत्व के इस महती कार्य में सरकार का पूर्ण सहयोग करेंगे।

10/3/26

निदेशक
अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय
बिहार, पटना